कार्यालय आयुक्त, भू-अभिलेख, मध्यप्रदेश

क्रमांक/ 160 /स्था/पटवारी/2024 ग्वालियर, दिनांक 07/03/2024

प्रति

कलेक्टर,
जिला-समस्त
मध्यप्रदेश।

विषय: पटवारी भर्ती परीक्षा 2022 के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों की द्वितीय काउंसलिंग में सत्यापन तथा दस्तावेज परीक्षण हेतु प्रक्रिया निर्धारण बावत् ।

संदर्भ: प्रमुख सचिव राजस्व विभाग का पत्र क्रमांक-760/1432661/2023/सात/5 दिनांक 07.07.2023।

2. कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख का पत्र क्रमांक/172/स्था/पटवारी/2024 ग्वालियर, दिनांक 18/02/2024

--00--

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र क्र. 1 के क्रम में पटवारी काउंसलिंग एवं प्रशिक्षण के संबंध में पूर्व मे जारी दिशा निर्देशों के क्रम में पटवारी भर्ती परीक्षा 2022 मे चयनित अभ्यर्थियों की प्रथम काउंसलिंग के व्यवस्थित और उचित निष्पादन हेतु संदर्भित पत्र क्र. 2 द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। पटवारी भर्ती परीक्षा 2022 में चयनित सभी अभ्यर्थियों की प्रथम काउंसलिंग जिलों द्वारा सफलतापूर्वक 24 फरवरी 2024 को सम्पन्न की गई है।

1. प्रथम काउंसलिंग में अनुपस्थित/अपात्र अभ्यार्थियों के कारण रिक्त रह गये पदों पर ESB द्वारा बनाई गई प्रतीक्षा सूची से द्वितीय एवं अंतिम काउंसलिंग दिनांक 9 मार्च 2024 को नियत की जाती है।
2. द्वितीय काउंसलिंग हेतु जिलों द्वारा अपने रिक्त पदों की जानकारी परिशिष्ट -6 में आयुक्त भू-अभिलेख को उपलब्ध कराई गयी है। इसके आधार पर MPonline द्वारा रिक्तियों के विरूद्ध प्रतीक्षा सूची से द्वितीय काउंसलिंग हेतु मेरिट लिस्ट जिलों को उपलब्ध करायी जावेगी।
3. कार्यालय आयुक्त, भू-अभिलेख, मध्यप्रदेश द्वारा भी द्वितीय काउंसलिंग की मेरिट लिस्ट ई मेल के माध्यम से जिलों को प्रदान की जावेगी। उक्त दोनों सूची का मिलान कर परिशिष्ट 1 अनुसार पुष्टि अपेक्षित है।

Scanned with OKEN Scanner

4. जिलो द्वारा होल्ड पर रखे गये अभ्यार्थियों का निराकरण नहीं करने पर ये पद रिक्त पदों में 9 मार्च 2024 को होने वाली काउंसलिंग की सूची में सम्मिलित नहीं है। इन होल्ड प्रकरणों के निराकरण के उपरांत इन पदों पर द्वितीय काउंसलिंग के अन्तर्गत पृथक से काउंसलिंग हेतु सूचित किया जावेगा।
5. द्वितीय काउंसलिंग प्रथम काउंसलिंग की भांति MPonline के पोर्टल के माध्यम से प्रथम काउंसलिंग की प्रक्रिया अनुसार ही की जाएगी।
6. शेष निर्देश कार्यालयीन पत्र दिनांक 18.02.2024 के अनुसार रहेंगे।

संलग्न- उपरोक्तानुसार।

आयुक्त,
भू-अभिलेख, मध्यप्रदेश

पृ0क्रमांक 160 / स्था/पटवारी/2024

ग्वालियर, दिनांक 07/03/2024

प्रतिलिपि-

1. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।
2. समस्त संभागायुक्त मध्यप्रदेश की ओर सूचनार्थ।
3. समस्त क्षेत्रीय उपायुक्त भू-अभिलेख मध्यप्रदेश की ओर भेजकर लेख है कि उपरोक्त कार्यवाही समय-सीमा में करने हेतु समस्त अधीक्षक भू-अभिलेख का पर्यवेक्षण करें तथा समस्याओं का निराकरण करते हुए इस कार्यालय को अवगत कराये।
4. समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. समस्त अधीक्षक भू-अभिलेख, मध्यप्रदेश की ओर पालनार्थ।
6. श्री शंकर दास, Business Head, Mponline ltd, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

आयुक्त,
भू-अभिलेख, मध्यप्रदेश

Scanned with OKEN Scanner

परिशिष्ट 1

प्रमाणित किया जाता है कि जिला .... द्वारा आयुक्त भू-अभिलेख कार्यालय से ई-मेल से पटवारी भर्ती परीक्षा 2022 की द्वितीय काउंसलिंग हेतु प्राप्त मेरिट सूची का मिलान mponline पोर्टल पर उपलब्ध सूची से कर लिया गया है। दोनो मे कोई विसंगति नही है।

कलेक्टर

जिला................

Scanned with OKEN Scanner